**1. निम्नलिखित में से कौन से कथन असत्य हैं?**
a. दो वर्णों का विकार युक्त मेल ही संधि कहलाता है।
b. संधि विच्छेद के लिए वर्णों को पुनः मूल रूप से नहीं लिखते हैं।
c. स्वर संधि के पाँच भेद होते हैं।
d. एक व्यंजन का दूसरे स्वर से मेल स्वर संधि कहलाता है।
e. 'नमस्ते' शब्द विसर्ग संधि का उदाहरण है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**
(A) a और c (B) b और c
(C) b और d (D) a और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**2. 'संलिप्त' शब्द का संधि-विच्छेद है-**
(A) स + लिप्त (B) सन् + लिप्त
(C) सम् + लिप्त (D) सः + लिप्त
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**3. इनमें से कर्मवाच्य का उदाहरण है-**
(A) पुस्तक पढ़ी जाती है। (B) लड़का खाता है।
(C) मैंने पुस्तक पढ़ी। (D) मुझसे बैठा नहीं जाता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**4. निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया का उदाहरण है-**
a. वह फुटबाल खेल रहा है। b. नौकर पानी भरता है।
c. वह पढ़ रहा है। d. कुँआ भरता है।
e. वह खेल रहा है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b और d (B) a और b
(C) a और e (D) c और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**5. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. जिसके साथ ठगी की गयी हो। | I. प्रसारित |
| b. जो कहीं जाकर लौट आया हो। | II. प्रचारित |
| c. जिसका प्रचार किया गया हो। | III. प्रत्यागत |
| d. जिसे फैलाया गया हो। | IV. प्रतारित |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-II, b-III, c-IV, d-I
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-III, b-II, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**6. 'एकत्र' का विलोम शब्द होगा-**
(A) आकीर्ण (B) सुकीर्ण
(C) विकीर्ण (D) समकीर्ण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**7. अधोलिखित में से 'अंक' का अर्थ नहीं है-**
a. शरीर b. भाग्य
c. संख्या d. स्फटिक
e. खण्डन
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a और e (B) b और e
(C) c और d (D) d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**8. Combine the following sentence into a complex sentence:**
**She kept on asking. When will her mother return?**
(A) She kept on asking when her mother would return.
(B) She kept on asking when her mother will return.
(C) She kept on asking when will her mother return.
(D) She kept on asking when would her mother return.
(E) Question not attempted **[A]**

**9. Given below are two statements: One is labelled as Assertion A and the other is tabelled as Reason R.**
**Assertion-A: All fairytales are fables.**
**Reason-R: Fables can have animal characters.**
**In the light of the above statements, choose the most appropriate answer from the options given below:**
(A) Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.
(B) Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.
(C) A is correct but R is not correct.
(D) A is not correct but Ris correct.
(E) Question not attempted **[D]**

**10. Find the suitable arrangement of the following phrases to make a meaningful sentence.**
a. from one accomplishment.
b. popularly known as the Missile Man of India.
c. to another
d. Dr. Abdul Kalam had led India
e. in space technology
**Choose the most appropriate answer from the options given below:**
(A) b, d, a, c, e (B) a, b, d, e, c
(C) d, a, c, b, e (D) d, b, a, c, e
(E) Question not attempted **[A]**

**11. Fill in with most suitable article:**
**Aluminium is .............. useful metal**
(A) an (B) very
(C) the (D) a
(E) Question not attempted **[D]**

**12. 'पुनरुज्जीवित' में कौनसा उपसर्ग है?**
(A) पुनरुज् (B) पुनर्
(C) पुनः (D) पुनर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**13. Which of the following are synonyms of 'Incredible'?**
a. Unbelievable b. Trustable
c. Amazing d. Convincing
**Choose the most appropriate option from below:**
(A) a and b (B) a and c
(C) b and c (D) c and d
(E) Question not attempted **[B]**

**14. Match List I with List**

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Polyglot | I. A person having extreme greed for wealth |
| b. Aviary | II. A person who speaks many languages |
| c. Avarice | III. A magical or medicinal potion |
| d. Elixir | IV. A large enclosure for keeping birds |

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**
(A) a-II, b-III, c-I, d-IV (B) a-I, b-II, c-IV, d-III
(C) a-IV, b-II, c-I, d-III (D) a-II, b-IV, c-I, d-III
(E) Question not attempted **[D]**

**15. Fill in the blank with the correct passive form of the given sentence.**
**Neerja requested Mahesh to share his book.**
**Passive:**
**Mahesh ............. by Neerja to share his book.**
(A) is requested (B) were requested
(C) was requested (D) is being requested
(E) Question not attempted **[C]**

**16. Fill in the blank with suitable preposition.**
**Rupa was happy to receive a letter ............... her friend Vimal after a long time.**
(A) to (B) from
(C) for (D) by
(E) Question not attempted **[B]**

**17. Select the most appropriate option.**
**Transform the given Assertive sentence into an exclamatory sentence:**
**It is very foolish of me to ask for money.**
(A) I was a fool to ask for money!
(B) How foolish of me to ask for money!
(C) Oh! Why did I ask for money!
(D) I asked for money!
(E) Question not attempted **[B]**

**18. Match List I with List I**

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Fertile | I. Un |
| b. Penetrable | II. Dis |
| c. Accustomed | III. In |
| d. Engage | IV. Im |

**Choose the most appropriate answer from the options given below:**
(A) a-II, b-IV, c-III, d-I (B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-I, b-III, c-IV, d-II (D) a-III, b-I, c-II, d-IV
(E) Question not attempted **[B]**

**19. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. अणु | I. निर्भीकता |
| b. अनु | II. पीछे |
| c. अभय | III. कण |
| d. उभय | IV. दोनों |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-III, b-II, c-I, d-IV
(C) a-III, b-I, c-II, d-IV (D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**20. निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द हैं-**
a. कालीदास b. निरिक्षक
c. इमारत d. नीरोग
e. पिताम्बर
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a और c (B) b और d
(C) b और e (D) c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**21. 'तत्कालिक' शब्द में किस प्रकार की अशुद्धि है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) समास की अशुद्धि (B) उपसर्ग की अशुद्धि
(C) प्रत्ययगत अशुद्धि (D) वचन की अशुद्धि
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**22. 'आदमी बसे और सोना कसे' लोकोक्ति का अर्थ है-**
a. इंसानों की बस्ती में सोना महंगा होता है।
b. साथ रहने पर मनुष्य की और कसौटी पर सोने की परख होती है।
c. इंसानों के बसते ही सोना मंहगा हो गया है।
d. मनुष्य के जीवन में आदिकाल से ही सोने का महत्व रहा है।
e. मनुष्य के चरित्र और सोने के गुण की पहचान तुरंत नहीं होती।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a और b (B) d और c
(C) b और e (D) c और a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. अनुचर | I. Bearer |
| b. अनुदेशक | II. Caretaker |
| c. अभीक्षक | III. Instructor |
| d. अन्वीक्षक | IV. Invigilator |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-II, b-III, c-IV, d-I
(C) a-III, b-II, c-IV, d-I (D) a-I, b-III, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**24. इनमें से पारिभाषिक शब्दों का कौन-सा युग्म असंगत है?**
(A) अंतरण – Transfer (B) अंशदान – Contribution
(C) अग्रदाय – Priority (D) अग्रिम – Anticipatory
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**25. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (शब्द) | सूची-II (समास) |
|---|---|
| a. मार्गव्यय | I. कर्मधारय |
| b. सप्ताह | II. द्विगु |
| c. नीलकंठ | III. तत्पुरुष |
| d. नीलगाय | IV. बहुव्रीहि |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-II, c-IV, d-I (B) a-II, b-I, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-II, c-I, d-III (D) a-I, b-II, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**26. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. अग्नि | I. मरीचि |
| b. अरण्य | II. अटवी |
| c. किरण | III. कृशानु |
| d. कपड़ा | IV. वसन |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-III, b-II, c-I, d-IV
(C) a-III, b-II, c-IV, d-I (D) a-II, b-III, c-I, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**27. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य की पहचान कीजिए- (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) वह विलाप करके रोने लगी।
(B) तुलसी ने मानस की रचना लिखी है।
(C) मैं रमेश को नहीं मारा हूँ।
(D) धोबी ने कपड़े अच्छे धोए।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**28. 'मुँह पकड़ना' मुहावरे का अर्थ होगा-**
(A) गुस्सा होना (B) बात समझ लेना
(C) मुँह लग जाना (D) बोलने से रोकना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**29. Which of these are antonyms of 'Bleak'?**
a. Dismal b. Cheerful
c. Dreary d. Bright
e. Desolate
**Choose the most appropriate answer from the options given below:**
(A) a and e (B) b and d
(C) c and e (D) b and c
(E) Question not attempted **[B]**

**30. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. लाभ प्रतिशत | I. $\frac{PRT}{100}$ |
| b. हानि प्रतिशत | II. $\frac{(SP-CP)}{CP} \times 100$ |
| c. चक्रवृद्धि ब्याज | III. $P\left(1+\frac{r}{100}\right)^T - P$ |
| d. साधारण ब्याज | IV. $\frac{(CP-SP)}{CP} \times 100$ |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-IV, c-III, d-II (B) a-II, b-IV, c-III, d-I
(C) a-II, b-III, c-IV, d-I (D) a-II, b-I, c-III, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**31. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 10% और 5% की क्रमिक छूटों के स्थान पर एकल समतुल्य छूट | I. 18.4% |
| b. किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 15% और 4% की क्रमिक छूटों के स्थान पर एकल समतुल्य छूट | II. 28% |
| c. किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 20% और 10% की क्रमिक छूटों के स्थान पर एकल समतुल्य छूट | III. 14.5% |
| d. किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 12% और 8% की क्रमिक छूटों के स्थान पर एकल समतुल्य छूट | IV. 19.04% |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-IV, c-III, d-II (B) a-II, b-III, c-IV, d-I
(C) a-II, b-I, c-III, d-IV (D) a-III, b-I, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**32. इंडियन काउन्सिल ऑफ कल्चरल रिलेशन्स (ICCR) का गठन किया गया -**
(A) 1947 में (B) 1948 में
(C) 1949 में (D) 1950 में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**33. मारवाड़ हितकारिणी सभा का पुनर्गठन कब हुआ?**
(A) 1924 (B) 1925
(C) 1926 (D) 1923
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**34. 16वीं शताब्दी में किसने 'पदमावत' की रचना की?**
(A) महाराजा कर्ण सिंह (B) महाराजा जशवंत सिंह
(C) मलिक मोहम्मद जायसी (D) महाराजा पद्म सिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**35. ऊपरी दूध का सेवन करने वाले नवजातों की तुलना में स्तनपान करने वाले नवजातों में रोग और मृत्यु कम होते हैं। किन्तु, स्तनपान किसमें सहायता नहीं करता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) डायरिया और ऊपरी श्वसन मार्ग संक्रमण से सुरक्षा
(B) पैथोजन की वृद्धि अवरोधित करना
(C) आनुवंशिक विकार और रोगों को ठीक करना
(D) एलर्जिक प्रतिक्रियाओं से अतिसंवेदनशील नवजातों की सुरक्षा
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**36. निम्नलिखित में से कौनसा सही पोषणपरक व्यवहार में सम्मिलित नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) संतुलित आहार सुनिश्चित करने के लिए विविध भोजन का सेवन
(B) नवजात को छह मास पश्चात् केवल घर का बना तरल भोजन खिलाना
(C) सब्जियों और फलों का प्रचुर मात्रा में सेवन
(D) अधिक भार और मोटापे की रोकथाम के लिए अतिशय खाना खाने से बचना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**37. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** दूध में लैक्टोज शर्करा, आंत्र मार्ग में लेक्टिक एसिड जीवाणु की स्थापना में सहायता करती है। यदि लेक्टोज के पाचन के लिए आवश्यक एंजाइम लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं तो ऐसे व्यक्ति दूध के अधिक उपयोग संबंधी उदरीय अभिलक्षण विकसित कर लेते हैं।
**कारण-R:** यह बालकों में सामान्य है एवं कब्ज हो जाता है और लैक्टोज असहनशीलता कहलाती है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**38. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. चरम डायरिया रोग विकासशील देशों में बाल मृत्यु और रुग्णता का अग्रणी कारण है।
b. कई अध्ययनों ने दर्शाया है कि अल्प-पोषित बालकों और युवा बच्चों में चरम डायरिया रोग कम प्रचलित और कम घातक होता है।
c. डायरिया संक्रमण ई-कोली, शिगेला और सालमोनेला जैसे जीवाणुओं से जल और भोजन संदूषण द्वारा होता है।
d. डायरिया को तरल अथवा जल सदृश्य मल निकास के रूप में परिभाषित किया जाता है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) a, c और d
(C) a, b और d (D) a और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**39. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. सूखा रोग की विशेषताओं में वजन में कमी, पेशीय क्षय और त्वचीय वसा में कमी शामिल हैं।
b. क्वाशिओरकोर की निरूपक विशेषता इडेमा है, जो त्वचा रोगों के साथ चन्द्रमा जैसा मुख उत्पन्न करती है।
c. सूखा रोग आयोडीन की कमी है तथा क्वाशिओरकोर प्रोटीन ऊर्जा कुपोषण है।
d. कुपोषण प्रतिरक्षा प्रकार्य को प्रभावित करता है, अतः कुपोषित बालक अक्सर संक्रमण के शिकार भी होते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) a, b और d
(C) a और d (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**40. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. प्रोटीन अल्पता | I. तंत्रिका नली दोषों की अधिक आवृत्ति |
| b. फोलिक एसिड अल्पता | II. कमजोर भ्रूण अस्थियां |
| c. आयरन अल्पता | III. भ्रूण वृद्धि बाधित हो सकती है |
| d. कैल्शियम अल्पता | IV. मातृ आरबीसी में कमी |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-I, c-IV, d-II (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-III, b-IV, c-I, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**41. टिटेनस के बारे में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) यह अत्यंत घातक रोग है जो पेशियों, मुख्यतया जबड़े और गर्दन की पेशियों की ऐंठन द्वारा निरूपित होता है।
(B) धड़ की पेशियां भी प्रभावित होती हैं।
(C) संक्रमण ज्यादातर कृषि और ग्रामीण समुदायों में होता है, विशेषकर जहां खाद के तौर पर दूषित मिट्टी और नमी का इस्तेमाल होता है।
(D) क्लॉसट्रिडियम टिटेनी सरिसृपों की आंत्र का सामान्य अवरोधक है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**42. कूकर खांसी किसके द्वारा होती है?**
(A) बोरडेटेला परटुसिस (B) पास्चुरेला पेस्टिस
(C) बेसीलस एंथ्रासिस (D) नीग्लेरिया फावलेरी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**43. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा कारण R के रूप में;**
**अभिकथन-A:** चांदी का उपयोग बिजली के तार बनाने में नहीं होता है।
**कारण-R:** चांदी एक कुचालक है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**44. दिये गये कथन को पढ़ें और निर्णय करें कि प्रदत्त पूर्वधारणाओं में से कौनसी अंतर्निहित है।**
**कथन:** कक्षा शिक्षक ने कक्षा में घोषित किया कि अगले माह के प्रथम शनिवार को परीक्षा होगी।
**पूर्वधारणा:**
I. विद्यार्थी उस दिन तक परीक्षा के लिए तैयारी कर सकते हैं।
II. विद्यालय उस दिन खुला रहेगा।
**नीचे दिये विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:**
(A) केवल I अंतर्निहित है।
(B) केवल II अंतर्निहित है।
(C) I और II दोनों अंतर्निहित हैं।
(D) न तो I और न ही II अंतर्निहित है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**45. दिये गये कथनों को पढ़ें और निर्णय करें कि कौनसा निष्कर्ष दिये गये कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है।**

**कथन:** किसी कक्षा में लड़कों और लड़कियों की संख्या का अनुपात 6:4 है। कक्षा का 80% भाग खेलों में भाग लेता है और कक्षा का 40% भाग छात्रावास में रहता है।

**निष्कर्ष:**

I. सभी लड़कियां छात्रावास में रहती हैं।

II. 20% लड़कियां खेलों में भाग नहीं लेती हैं।

**निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर का चयन करें:**

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(C) निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
(D) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**


**46. यदि 'वायु' को 'आकाश' कहा जाता है, 'आकाश' को 'जल' कहा जाता है, 'जल' को 'अग्नि' कहा जाता है, 'अग्नि' को 'पृथ्वी' कहा जाता है और 'पृथ्वी' को 'ग्रह' कहा जाता है, तब हम क्या पीयेंगे?**

(A) आकाश (B) जल
(C) अग्नि (D) पृथ्वी
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**47. अन्य से अलग संख्या युग्म का चयन करें।**

(A) 4 : 60 (B) 5 : 115
(C) 6 : 210 (D) 7 : 336
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**48. एक कागज की शीट निम्नानुसार दर्शायी गयी है:**




**यदि बंद बॉक्स बनाने के लिए शीट को मोड़ा जाता है तब 6 के विपरीत फलक पर कौनसी संख्या होगी?**

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 5
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**49. उस अक्षर समूह का चयन करें जो अन्य से अलग है।**

(A) DGJ (B) HKN
(C) MQU (D) TWZ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**50. किसी कूट भाषा में MOTHER को NPUIFS के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तब उसी भाषा में FAMILY को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?**

(A) GNBJZM (B) GBNZMZ
(C) GBNJMZ (D) EBNJMX
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**51. 150 लीटर के किसी मिश्रण में दूध और जल का अनुपात 2:1 है। इस मिश्रण में जल की कितनी मात्रा जोड़ी जानी चाहिए ताकि दूध और जल का अनुपात क्रमशः 1:2 किया जा सके?**

(A) 50 लीटर (B) 100 लीटर
(C) 150 लीटर (D) 200 लीटर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**52. सोनू और मोनू के पास कुछ बचत 4:5 के अनुपात में है। उन्होंने अपनी माता के लिए उपहार खरीदने तथा लागत को 3:4 के अनुपात में साझा करने का निर्णय लिया। उपहार खरीदने के पश्चात् सोनू अपनी धनराशि का दो तिहाई खर्च कर चुका था, जबकि मोनू के पास ₹ 145 बचे थे। तब उपहार का मूल्य है:**

(A) ₹ 165 (B) ₹ 140
(C) ₹ 180 (D) ₹ 185
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**53. दिये गये कथनों को सत्य मानकर विचार करें भले ही वे सामान्यतया ज्ञात तथ्यों से अलग प्रतीत होते हों। निर्णय करें कि कौनसा निष्कर्ष दिये गये कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है।**

**कथन:** कुछ कम्प्यूटर, मशीन हैं। कुछ लैपटॉप, कम्प्यूटर हैं। सभी डेस्कटॉप, कम्प्यूटर हैं।

**निष्कर्ष:**

I. कुछ कम्प्यूटर, मशीन हैं।

II. कुछ लैपटॉप, डेस्कटॉप हैं।

**नीचे दिये विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन करें:**

(A) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।
(B) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
(C) दोनों निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।
(D) न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**54. वर्तमान में एक पिता और एक पुत्री की आयु का योग 80 वर्ष है। यदि 10 वर्ष पूर्व उनकी आयु का अनुपात 2:1 था, तब 10 वर्ष पश्चात् उनकी आयु का अनुपात क्या होगा?**

(A) 3:2 (B) 5:3
(C) 5:4 (D) 4:3
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**55. प्रातःकाल में, आशु सूरज की ओर 150 मी. चला, दायीं ओर मुड़ा और 400 मी. चला। तब वह बायीं ओर मुड़ा और 150 मी. चला। अब वह आरंभिक बिन्दु से कितनी दूर और किस दिशा में है?**

(A) 700 मी., उत्तर-पश्चिम (B) 700 मी., उत्तर-पूर्व
(C) 500 मी., दक्षिण-पूर्व (D) 500 मी., दक्षिण-पश्चिम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**56. एक दुकानदार किसी घड़ी को ₹ 2850 में बेचने पर 14% लाभ प्राप्त करता है। किन्तु उसने घड़ी को छूट/बट्टा प्रदान करने के बाद ₹ 2700 में बेचा। उसका लाभ प्रतिशत क्या है?**

(A) 6% (B) 7%
(C) 8% (D) 10%
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**57. P, Q, R, S, T और U एक परिवार के सदस्य हैं। P और Q विवाहित जोड़ा है। S, R का इकलौता पुत्र है। P और R भाई हैं। T, S की बहन है तथा U, P की माता है। परिवार में कितने पुरुष सदस्य हैं?**

(A) 2 (B) 3
(C) 4 (D) 1
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**58. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. 16 और 32 से तीसरा अनुपात है। | I. 21 |
| b. 6 और 18 से तीसरा अनुपात है। | II. 54 |
| c. 3, 7 और 9 से चौथा अनुपात है। | III. 64 |
| d. 4, 16 और 7 से चौथा अनुपात है। | IV. 28 |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-I, c-II, d-IV (B) a-I, b-IV, c-III, d-II
(C) a-III, b-II, c-I, d-IV (D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**59. नक्की झील अवस्थित है -**
(A) अजमेर में (B) जयपुर में
(C) माउन्ट आबू में (D) अलवर में
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**60. बीकानेर के राठौड़ शासकों की कुलदेवी करणी माता मंदिर कहाँ अवस्थित है?**
(A) देशनोक (B) शील डुंगरी
(C) त्रिकूट (D) सीकर
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**61. निम्नलिखित शासकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें -**
a. विग्रहराज IV b. अरणोराज
c. अजयराज d. राव राय सिंह
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, c, d (B) b, c, a, d
(C) c, b, a, d (D) d, c, b, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**62. निम्न कथनों पर विचार करें -**
a. देश में 25 उच्च न्यायालय हैं।
b. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 214 में प्रावधान है कि सभी राज्य में एक उच्च न्यायालय होगा।
c. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति के द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से होता है।
d. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 65 वर्ष की उम्र तक पद पर रहते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a और d (B) a और b
(C) b और c (D) a, b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**63. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची II |
|---|---|
| a. डीडवाना झील | I. बीकानेर |
| b. बाल समन्द झील | II. जयपुर |
| c. रामगढ़ झील | III. जोधपुर |
| d. लूणकरणसर झील | IV. डीडवाना-कुचामन |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-II, b-I, c-IV, d-III
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-III, b-IV, c-I, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**64. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (किला) | सूची-II (संबंधित) |
|---|---|
| a. चूरू फोर्ट / किला | I. राव जैसल |
| b. जैसलमेर किला | II. ठाकुर कुशाल सिंह |
| c. जयगढ़ (आमेर) | III. सवाई जय सिंह |
| d. लोहागढ़ | IV. महाराजा सूरज मल |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-II, b-I, c-III, d-IV (D) a-I, b-II, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**65. निम्नलिखित में से कौनसा विटामिन जल में घुलनशील है?**
(A) विटामिन A (B) विटामिन D
(C) विटामिन B कॉम्प्लेक्स (D) विटामिन K
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**66. निम्नलिखित में से कौनसा वृहत्पोषकों में सम्मिलित नहीं है?**
(A) प्रोटीन (B) विटामिन
(C) वसा (D) कार्बोहाइड्रेट
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**67. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** खनिज जैसे कि सोडियम, क्लोराइड और पोटैशियम शारीरिक द्रव्यों की सही मात्रा बनाए रखने के लिए आवश्यक होते हैं। क्लोराइड आमाशय के गैस्ट्रिक ज्यूस में हाइड्रोक्लोरिक अम्ल के उत्पादन के लिए भी आवश्यक होता है।
**कारण-R:** खनिज, सोडियम, क्लोराइड और पोटैशियम भोजन में सोडियम क्लोराइड अथवा पोटैशियम क्लोराइड के रूप में ग्रहण किए जाते हैं। वे प्राकृतिक रूप से मछली और कई अन्य खाद्य पदार्थों में पाये जाते हैं।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**68. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** लोग अपनी त्वचा पर सूर्य प्रकाश की क्रिया द्वारा पर्याप्त विटामिन-D बना सकते हैं।
**कारण-R:** जब मानव शरीर सूर्य की पराबैंगनी किरणों के प्रति उद्भासित होता है, तब डीहाइड्रोकोलेस्ट्रॉल जो त्वचा के नीचे पाये जाने वाला पदार्थ है, कोलेकैल्सिफेरोल में परिवर्तित हो जाता है तथा आवश्यकतानुसार उपयोग के लिए यकृत (लीवर) में भंडारित हो जाता है।

**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**69. असत्य युग्मों का चयन करें।**
a. रिकेट्स – विटामिन D
b. रतौंधी – विटामिन A
c. कार्बोहाइड्रेट्स का चयापचय – विटामिन B12
d. पेशीय ऊतक क्षति – विटामिन E
e. बेरी-बेरी – विटामिन C
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) b, c और d
(C) c, d और e (D) केवल e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**70. निम्नलिखित में से कौनसे भ्रूण विकास के आरंभिक चरण में आवश्यक होते हैं?**
a. अनिवार्य वसीय अम्ल b. विटामिन E
c. कैल्शियम d. फोलेट
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) a, b, c और d
(C) a और d (D) a और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**71. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. सामान्यतया गरीब महिलाएं कम कैलोरी और प्रोटीन का उपभोग करती हैं, इसके बावजूद उसके दूध की गुणवत्ता सुपोषित माता के दूध की गुणवत्ता से कम नहीं होती है।
b. सुपोषित बालक लंबे होते हैं तथा उनमें रोगों के विरुद्ध उच्च प्रतिरोध शक्ति होती है।
c. गाय अथवा भैंस का दूध धीमे बढ़ते मानवीय नवजात के लिए उचित होता है।
d. माँ के दूध में कोलोस्ट्रम (खीस) नवजात शिशु को रोग-प्रतिरोधकता प्रदान करता है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) a, b और d
(C) a और b (D) a और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**72. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. अल्ट्रासाउंड | I. नाभिनाल वाहिकाओं में रक्तप्रवाह और धड़कन का निर्धारण |
| b. कलर डोपलर इमेजिंग | II. भ्रूण गति की जांच |
| c. बहुविध संकेतक जांच | III. भ्रूण जीन असामान्यताएं और विकार |
| d. एमनियोसेन टेसिस | IV. ट्रिसोमी 18 और ट्रिसोमी 21 नष्ट करना |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-I, c-IV, d-III (B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-IV, b-III, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**73. गर्भवती महिलाओं में टेटनस का टीकाकरण कैसे किया जाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) मौखिक (B) अंतरा-पेशीय
(C) अंतरा-त्वचीय (D) उप-त्वचीय
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**74. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. जब शरीर को सही मात्रा में पोषक तत्व नहीं मिलते हैं तो कुपोषण की स्थिति उत्पन्न होती है। यह अल्पपोषित लोगों में उत्पन्न होती है।
b. जब पाचन के पश्चात् पोषक तत्व शरीर में अवशोषित नहीं होते हैं तथा शरीर से बाहर निकल जाते हैं, तो खराब अवशोषण होता है।
c. किसी सामान्य स्वस्थ व्यक्ति में जल ग्रहण और जल हानि लगभग समान होती है।
d. कोशिकाओं में ग्लूकोज की कमी के कारण शरीर वसा भंडार से ऊर्जा प्राप्त करेगी, जिसके कारण वजन में कमी और सामान्य कमजोरी आ सकती है।
e. बहुत सारी वृद्ध महिलाएं अस्थिक्षरण की स्थिति का सामना करती हैं, जो शरीर में फास्फोरस की कमी की क्रमिक हानि का परिणाम है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, c और d (B) a, b और c
(C) b, d और e (D) a, d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**75. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. बच्चे के भोजन में ठोस अथवा अर्द्ध-ठोस भोजन की क्रमिक शुरुआत को वीनिंग कहा जाता है।
b. बालकों (5 वर्ष तक) को भोजन के बीच मिठाई और नमकीन खाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।
c. किशोरावस्था त्वरित वृद्धि और शरीर विकास की अवधि है, इस चरण में पोषक आवश्यकताएं कम हो जाती हैं।
d. गतिहीन जीवन शैली वाले लोगों को अपने ऊर्जा सेवन पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यह आसानी से उनके ऊर्जा उत्पादन से वजन बढ़ सकता है।
e. जैसे-जैसे लोग बड़े होते हैं, स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए भोजन आवश्यक होता है, किन्तु ऊर्जा की जरूरत कम होती है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) b, c और d
(C) a, d और e (D) a, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**76. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** जीवन के प्रथम चार माह के लिए किसी नवजात के भोजन में केवल दूध सम्मिलित होना चाहिए। माँ का दूध बच्चों के लिए सर्वोत्तम दूध है।
**कारण-R:** माँ का दूध नवजात के सामान्य विकास के लिए पोषक तत्वों का सही मिश्रण और उचित मात्रा प्रदान करता है। कतिपय रोगों से प्रतिरक्षा भी माता से बच्चे को प्रदान की जाती है।

**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**77. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** समुदाय संगठन विधि, समुदाय की क्षमता विकसित करने पर लक्ष्यित होती है।
**कारण-R:** यह समुदाय को अपनी आवश्यकताओं, समस्याओं और प्रयोजनों को पूरा करने के लिए सामूहिक कार्रवाई हेतु सशक्त बनाता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**78. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** लोगों के समुदाय अपनी स्वयं की समस्याओं से निपटने के लिए क्षमता विकसित कर सकते हैं।
**कारण-R:** विखण्डित अभिगम की तुलना में एक सर्वांगीण अभिगम समस्याओं से सफलतापूर्वक निपट सकता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**79. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** समुदाय समूहों के साथ संपर्क स्थापित करने के लिए समुदाय कार्यकर्ताओं को विशिष्ट उद्देश्यों को अवश्य परिभाषित करना चाहिए।
**कारण-R:** इन उद्देश्यों को समुदाय कार्यकर्ताओं को उन लोगों के साथ मिलकर तैयार करना चाहिए जिनके साथ वह काम करता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**80. निम्नलिखित को संगठनात्मक पदानुक्रम (ऊपर से नीचे) के क्रम में व्यवस्थित करें:**
a. निदेशक b. प्रबंध निदेशक
c. प्रशासक d. प्रबंधक
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b, c, a, d (B) b, a, d, c
(C) b, a, c, d (D) c, d, a, b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**81. नीचे लिखे वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. प्रोटीन जटिल कार्बनिक यौगिक होते हैं।
b. कतिपय प्रोटीन में आयरन, आयोडिन, ताँबा और अन्य अकार्बनिक तत्व होते हैं।
c. एल्बुमिन और ग्लोबुलिन साधारण प्रोटीन के उदाहरण हैं।
d. कोलेजन और केराटीन युग्मित प्रोटीन के उदाहरण हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और d (B) a और b
(C) c और d (D) a, b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**82. नीचे लिखे वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. खनिज शरीर की कोशिकाओं, उत्तकों, अंगों और तरल पदार्थो के निर्माण के लिए आवश्यक होते हैं तथा कुछ शारीरिक प्रक्रियाओं, तंत्रिका में आवेगों के संचरण को भी नियंत्रित करते हैं।
b. यह खनिज शारीरिक द्रव्यों के अनिवार्य भाग होते हैं।
c. कुछ खनिज अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में आवश्यक होते हैं। इनमें कैल्शियम, फॉस्फोरस और मैग्नीशियम शामिल हैं।
d. कुछ खनिज अपेक्षाकृत सूक्ष्म मात्रा में आवश्यक होते हैं तथा सूक्ष्ममात्रिक तत्व कहलाते हैं। इनमें आयोडिन, ताँबा और सोडियम शामिल हैं।
e. लोहे को फेरस रूप की तुलना में फेरिक रूप में अवशोषित करना आसान है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) a, b और d
(C) a, d और e (D) a और b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**83. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. रेटीनोल | I. विटामिन D |
| b. कोलकैल्सिफेरोल | II. विटामिन B12 |
| c. टोकोफेरोल | III. विटामिन A |
| d. कोबालैमीन | IV. विटामिन E |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-I, c-IV, d-II (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-I, b-III, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**84. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. क्वाशिओरकोर | I. स्मृति की हानि |
| b. अल्जाइमर्स रोग | II. विटामिन E |
| c. एंटीऑक्सीडेंट | III. प्रोटीन-ऊर्जा कुपोषण |
| d. गोइटर | IV. आयोडिन अल्पता |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-I, c-II, d-IV (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-I, b-III, c-IV, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**85. किसी स्तनपान कराने वाली माता की पोषण संबंधी आवश्यकताएं होती हैं: (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) गर्भवती माता से कम होती हैं।
(B) गर्भवती माता से अधिक होती हैं।
(C) गर्भवती माता के समान होती हैं।
(D) मध्यम रूप से सक्रिय वयस्क महिला के समान होती हैं।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**86. निम्नलिखित में से कौनसा कथन सत्य नहीं है?**
(A) गर्भावस्था के दौरान कुछ ऊर्जा वसा के रूप में भंडारित होती है।
(B) गर्भावस्था के दौरान कैल्शियम, फास्फोरस और लोह जैसे खनिजों की अधिक आवश्यकता होती है।
(C) अधिकांश गर्भवती माताएं कुछ खाद्य पदार्थों के लिए रूचि अथवा अरूचि विकसित करती हैं।
(D) गर्भधारण के समय अथवा गर्भावस्था के दौरान कम वजन वाली औरतों में अधिकांशतया विष-रक्तता उत्पन्न होती है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**87. गर्भावस्था में अतिशय वजन वृद्धि किससे संबद्ध है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) अधिक जन्म भार (मेक्रोसोमिया)
(B) कम जन्म भार
(C) नवजात में आनुवंशिक विकार
(D) स्तनपान आरंभ करने में विफलता
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**88. किसके सेवन से गर्भवती महिलाओं में मृदुल प्रातः रुग्णता को नियंत्रित किया जा सकता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) मिठाई
(B) तले-भुने भोजन
(C) तीव्र स्वाद वाली सब्जियां
(D) बिस्कुट अथवा कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**89. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** गर्भवती महिलाओं को 6-8 घण्टे से अधिक उपवास नहीं करना चाहिए।
**कारण-R:** उपवास के दौरान माता के रक्त का ग्लूकोज और इंसुलिन उपयोग किया जाएगा, जो बढ़ते बच्चे में मस्तिष्क को क्षति पहुंचा सकता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**90. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. सक्रिय प्रतिरक्षा सामान्यतया रोगों के विरुद्ध दीर्घावधि सुरक्षा प्रदान करती है।
b. लाइव (सजीव) अथवा तनूकृत टीके में उनकी संभाव्यता निम्नीकृत होती है।
c. मृत अथवा निष्क्रिय टीके में रसायन अथवा उष्मा से निष्क्रिय किए गए पैथोजन सम्मिलित होते हैं।
d. निष्क्रिय टीका बेहतर प्रतिरक्षा प्रत्युत्तर दर्शाता है, अतः कई खुराकें देनी आवश्यक नहीं होती हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और d (B) a, c और d
(C) a, b और c (D) a और b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**91. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. बालवाड़ी पोषण कार्यक्रम (BNP) | I. आरंभिक बाल विकास और देखभाल |
| b. एकीकृत बाल विकास सेवाएं | II. बालक (1-6 वर्ष) और गर्भवती महिलाओं पर लक्षित |
| c. विशेष पोषण कार्यक्रम | III. अधिक सब्जियों और फलों का उत्पादन तथा गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं और बालकों द्वारा उनका उपभोग सुनिश्चित करने पर केन्द्रित |
| d. अनुप्रयुक्त पोषण कार्यक्रम | IV. ग्रामीण क्षेत्रों से बालक (3-6 वर्ष) |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-IV, b-I, c-II, d-III (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-I, b-IV, c-III, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**92. भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कब शुरू किया गया था?**
(A) 2013 (B) 1995
(C) 2005 (D) 2012
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**93. एकीकृत बाल विकास सेवाएं (ICDS) कब शुरू की गई थीं?**
(A) 1972 (B) 1980
(C) 1975 (D) 1985
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**94. निम्नलिखित में से कौनसा भारत में पोषण और स्वास्थ्य कार्यक्रम नहीं है?**
(A) एनिमिया मुक्त भारत
(B) पोषण अभियान
(C) राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम
(D) महात्मा गांधी बाल पोषण कार्यक्रम
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**95. कौनसा अभिलक्षण आनुवंशिकता से जुड़ा नहीं है?**
(A) ऊँचाई (B) बालों का रंग
(C) नेत्र रंग (D) मांसपेशियों का विकास
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**96. किस अभिलक्षण पर संज्ञानात्मक विकास में विचार नहीं किया जाता है?**
(A) बौद्धिक योग्यताएं
(B) अधिगम
(C) बुद्धिमता
(D) दूसरों से व्यक्तिगत अंतरक्रियाएं
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**97. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** एक पुनर्बलक किसी व्यवहार को प्रोत्साहन अथवा बढ़ावा देता है। सकारात्मक पुनर्बलन के अंतर्गत किसी एक व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए उस स्थिति में कुछ और जोड़ना शामिल होता है।
**कारण-R:** उदाहरण के लिए, यदि किसी बालक को कमरे की सफाई के लिए एक बिस्किट दिया जाता है, तो अधिक बिस्किट दिए जाने पर भविष्य में सफाई की संभावना बढ़ जाएगी।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**98. निम्न वाक्यों पर विचार करें:**
a. प्रकृति और संवर्धन के बीच निरंतर अंतरक्रिया होती है।
b. वास्तव में, सभी मानवीय विशेषताएं बहुजीवीय और बहुकारकीय हैं।
c. प्रकृति और संवर्धन के बीच यह द्विदिशीय अंतरक्रिया एपीजेनेटिक फ्रेमवर्क है।
d. एपीजेनेटिक फ्रेमवर्क सुझाती है कि पर्यावरण जीन अभिव्यक्ति को प्रभावित नहीं कर सकता है।
e. यह सुझाता है कि पर्यावरणीय परिस्थितियां कभी भी आनुवंशिक विकारों के लक्षणों को अद्वेलित नहीं कर सकती हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और d (B) b, c और d
(C) a, b और c (D) c, d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**99. निम्न वाक्यों पर विचार करें:**
a. फ्रॉयड के मनो-यौनिक सिद्धांत के अनुसार बाल विकास में विभिन्न विकासात्मक चरण होते हैं।
b. ये चरण हैं: मौखिक चरण, गुदा चरण, लैंगिक चरण, प्रसुप्ति और जननांग चरण।
c. मौखिक चरण जन्म से लगभग 10 वर्ष तक होता है।
d. लैंगिक चरण बालपन के उत्तरार्ध में घटित होता है।
e. जननांग चरण ऋतुवयता से शुरू होता है और वयस्कता तक जारी रहता है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) b, c और d
(C) c, d और e (D) a, b और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**100. निम्न वाक्यों पर विचार करें:**
a. जन्मपूर्व विकास के अंतर्गत उद्भवन काल (germinal period), गर्भधारण (conception) से लेकर गर्भाशय में निषेचित अण्डे (Fertilized egg) के क्रियान्वयन तक रहता है।
b. टेराटोजेन्स पर्यावरणीय कारक हैं जो जन्म विकार का कारण हैं।
c. 3 वर्ष तक के अधिकांश बच्चे आसानी से दौड़ पाते हैं, चढ़ने में सक्षम होते हैं और साइकिल चला पाते हैं।
d. 5 वर्ष तक की आयु के अधिकांश बालक त्रिभुज और अन्य आसान ज्यामितीय आकारों की नकल करने में असक्षम होते हैं।
e. 6 वर्ष तक की आयु के अधिकांश बालक खुद से पेशाब नहीं कर पाते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, c और d (B) b, c और d
(C) c, d और e (D) a, b और c
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**101. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | जीन पियाजे | I. | सामाजिक अधिगम सिद्धांत |
| b. | एरिक एरिक्सन | II. | संज्ञानात्मक विकास के सिद्धांत |
| c. | अल्बर्ट बांडुरा | III. | सामाजिक सांस्कृतिक सिद्धांत |
| d. | लेव वायगोत्स्की | IV. | मनोसामाजिक सिद्धांत |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-IV, c-I, d-III (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-III, b-I, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**102. नीचे दो कथन दिए गए है: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** गणित की शिक्षा, शिक्षक केन्द्रित होती है।
**कारण-R:** शालापर्व के दौरान, बच्चा परिवेश और पर्यावरण से अंतरक्रिया द्वारा गणितीय चिंतन विकसित करता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और RA की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**103. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** ग्रामीण बच्चे मौखिक गणित में अधिक प्रतिभावान होते हैं।
**कारण-R:** शालापूर्व में, बच्चा के परिवेश और पर्यावरण की प्रत्येक घटना और प्रसंगो को अधिगम शिक्षण के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए**
(A) A और R दोनों सही हैं और R. A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन RA की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**104. निम्नलिखित में से कौनसा एक मूलभूत शिक्षण सिद्धांत नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) पाठ्य - सामग्री का सिद्धांत
(B) अधिगम का सिद्धांत
(C) निष्पक्षता का सिद्धांत
(D) स्वतंत्रता और नियम का सिद्धांत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**105. वह समझदारी जो हमें यह स्वीकार करने में सहायता करती है कि एक आयु रेंज है जिसमें अधिकांश बच्चे विशेष क्षमताएं अर्जित करते हैं, निम्नलिखित में से क्या कहलाती हैं ?**

(A) विकास की सार्वभौम पद्धतियां
(B) विकास के मानक
(C) विकास में व्यक्तिगत विभेद
(D) विकास के चरण
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**106. निम्नलिखित में से आंकलन के बारे में कौनसा सत्य नहीं है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**

(A) उच्च आकांक्षाओं की वृद्धि को बढ़ावा देता है।
(B) यह ज्ञान प्रस्तुत करने का अवसर है।
(C) यह फिल्टर है।
(D) यह फिल्टर नहीं है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**107. निम्न वाक्यों पर विचार करें:**

a. मूर्त (tangible) से अमूर्त (intangible) अवधारणा की ओर अधिगम की निरंतरता की रूपरेखा बनाने की आवश्यकता नहीं है।
b. मूलभूत शैक्षिक सिद्धांत सभी आकलनों की नींव तैयार नहीं करते हैं।
c. मूर्त (tangible) से अमूर्त (intangible) अवधारणा की ओर अधिगम की निरंतरता की रूपरेखा बनाने में आवश्यकता है।
d. मूलभूत शैक्षिक सिद्धांत सभी आकलनों की नींव तैयार करते हैं।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, b और c (B) b, c और d
(C) c और d (D) c, d और a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**108. निम्नलिखित में से किस कथन में बच्चा पर्यावरण का अन्वेषण नहीं कर रहा है?**

a. बच्चा बगीचे में प्रत्येक पौधे की पत्तियों को छूते हुए घूम रहा है।
b. बच्चा कप से पानी पीता है।
c. बच्चा किसी खिलौने को जिज्ञासापूर्वक देखता है ताकि जान सके कि यह कैसे चलता है।
d. बच्चा अपने पालतू जानवर को गले लगाता है।
e. बच्चा अंगुलियों से कुत्ते का चेहरा तलाशता है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) b, d और e (B) b और d
(C) d और e (D) c, d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**109. सूची-I को सूची-II से मिलाएं।**

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | शारीरिक विकास | I. | सामाजिक कार्यक्रमों / मिलन में सुखद महसूस करना |
| b. | संज्ञानात्मक विकास | II. | भूमिका निर्वहन / निभाना |
| c. | सृजनात्मक विकास | III. | स्तापू खेलना |
| d. | सामाजिक एवं भावनात्मक विकास | IV. | रंगों और आकार के आधार पर छँटाई करना |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a-III, b-IV, c-II, d-I (B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-II, b-III, c-IV, d-I (D) a-III, b-IV, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**110. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दसरा उसके कारण R के रूप में।**

**अभिकथन-A:** उल्टी से पर्व के कुछ असहज लक्षण उच्चलारकरण, टैकीकॉर्डिया का पसीना आदि हैं।

**कारण-R:** उल्टी से पर्व धीमी हृदय दर भी घटित होती है।

**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**

(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**111. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**

a. वायरस में डीएनए अथवा आरएनए से बनी आनुवंशिक सामग्री होती है।
b. मीसल्स का कारणवाचक एजेन्ट रूबेला वायरस है।
c. इसमें आनुवंशिक सामग्री के रूप में डीएनए होता है।
d. रूबेला संक्रमण की आदर्श ऋतु शरद और बसंत ऋतु है।
e. अब तक मीसल्स के इलाज का कोई टीका नहीं बना है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) b, c और d (B) a, b और d
(C) a, c और d (D) c, d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**112. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**

a. नेत्र संक्रमण मुख्यतया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में हस्तांतरणीय होता है।
b. यह विटामिनों की कमी से भी हो सकता है।
c. नेत्र संक्रमण कॉन्टेक्ट लेंस पहनने वाले व्यक्तियों में नहीं पाया जाता है।
d. बैक्टिरियल कंजक्टिविटिस के कारण लाल सूजी हुई आँखें और खुजली की आवृत्ति बढ़ जाती है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**

(A) a, b और c (B) b, c और d
(C) a और d (D) a, b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**113. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (रोग) | सूची-II (कारक/एजेंट) |
|---|---|
| a. मीसल्स | i. कार्निबैक्टीरियम डिफ्थीरिया |
| b. टीबी | ii. स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया |
| c. डिफ्थीरिया | iii. वायरस (रूबेला) |
| d. न्यूमोनिया | IV. माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुने:**
(A) a-III, b-IV, c-I, d-II (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-III, b-IV, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**114. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. कुपोषण के विविध प्रारूपों को समाप्त करने के लिए 2018 में पोषण अभियान शुरू किया था।
b. यह प्रधानमंत्री द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजस्थान में झुंझनू से शुरू किया गया था।
c. पोषण अभियान का शुरू में नाम राष्ट्रीय पोषण मिशन था।
d. पोषण अभियान के लाभार्थियों में बालक, गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताएं सम्मिलित हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) b, c और d
(C) a, b और d (D) a, c और d
(E) अनुत्तरित **[D]**

**115. नीचे दो कथन दिए गए हैं। एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY) गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोरियों के लिए शुरू की गई थी।
**कारण-R:** इस कार्यक्रम के अंतर्गत वांछनीय लाभार्थियों को गर्भावस्था के दौरान और संस्थागत प्रसव के पश्चात् अनुमोदित नियमों के अनुसार ₹ 6,000 का नकद प्रोत्साहन प्राप्त होता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए :**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**116. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. मध्याह्न भोजन योजना (MDMS) कक्षा I से VIII में अध्ययनरत सभी बालकों को कवर करती है।
b. मध्याह्न भोजन सरकारी और सरकार अनुदानित विद्यालयों में प्रदान किया जाता है।
c. भारत में 1925 से मध्याह्न भोजन कार्यक्रम का लंबा इतिहास रहा है।
d. मध्याह्न भोजन तैयार करने में "पोषक अनाजों" के प्रयोग को बढ़ावा नहीं दिया जाता है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) a, b और d
(C) a, c और d (D) b, c और d
(E) अनुत्तरित **[A]**

**117. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. नवीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, दोनों समान वर्ष 2017 में शुरू की गई थी।
b. यह नवीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 15 वर्षों के अंतराल के बाद मंत्रिमंडल द्वारा 2017 में स्वीकृत की गई थी।
c. पोषण अभियान के क्रियान्वयन के लिए शिक्षा मंत्रालय नोडल मंत्रालय है।
d. युवा बालक के लिए गृह - आधारित देखभाल (HBYC) 2018 में शुरू की गई थी।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) a, b और d
(C) a, c और d (D) a और b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**118. नवजात में बैसिलस कालमेटे ग्यरीन (बीसीजी) कब दिया जाता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) जन्म पर अथवा एक वर्ष की आयु तक, जितना जल्दी संभव हो।
(B) जन्म पर अथवा 24 घण्टे में, जितना जल्दी संभव हो।
(C) जन्म पर अथवा प्रथम 30 दिनों में, जितना जल्दी संभव हो।
(D) 6 सप्ताह, 10 सप्ताह और 14 सप्ताह पर।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**119. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** टेटनस और वयस्क डिफ्थीरिया के टीके गर्भवती महिलाओं की उपरी भुजा में अंतरा-पेशीय मार्ग से दिए जाते हैं।
**कारण-R:** गर्भवती महिलाओं में रोटावायरस टीका (RVV) उपरी भुजा में अंतरा-त्वचीय मार्ग से दिया जाता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**120. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. नवजातों को कोई टीका लगाने की जरूरत नहीं है।
b. जापानी बुखार का टीका नवजातों को 9-12 माह में दिया जाता है।
c. राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में गर्भवती माता के लिए कोई टीका नहीं है।
d. हैपेटाइटिस B जन्म खुराक को जन्म के बाद 24 घण्टे के अंदर दिया जाना चाहिए।
e. नवजात शिशुओं को विटामिन-A की प्रथम खुराक 9 माह में मीजल्स-रूबेला के साथ दी जाती है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) a, b और d
(C) a और b (D) b, d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**121. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| | सूची-I (टीका) | | सूची-II (मार्ग) |
|---|---|---|---|
| a. | न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (PCV) | I. | अंतरा-त्वचीय |
| b. | रोटावायरस वैक्सीन (RVV) | II. | अंतरा-पेशीय |
| c. | इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (IPV) | III. | उप-त्वचीय |
| d | मीजल्स रूबेला (MR) वैक्सीन | IV. | मौखिक |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-II, b-IV, c-I, d-III (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-IV, b-III, c-II, d-I (D) a-IV, b-II, c-III, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**122. पोषण अभियान के लाभार्थियों में कौन शामिल नहीं है?**
(A) बालक (B) पुरुष
(C) महिला (D) किशोरियाँ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**123. नीचे दिये गये वाक्यों में से कौनसे वाक्य सही हैं?**
a. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) 2005 में शुरू किया गया था।
b. बाद में यह व्यापक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) में विस्तारित किया गया।
c. एनएचएम राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों (UT) को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है ताकि वे प्रभावी स्वास्थ्य देखभाल प्रदान करने में सफल हो सकें।
d. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन केवल ग्रामीण जनसंख्या को गुणवत्तापरक स्वास्थ्य देखभाल सहायता प्रदान करता है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, c और d (B) a, b और c
(C) b और c (D) a, b और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**124. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| | सूची-I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| a. | एनिमिया रोग-निरोधन कार्यक्रम | I. | सामाजिक कल्याण मंत्रालय |
| b. | मध्याह्न भोजन कार्यक्रम | II. | ग्रामीण विकास मंत्रालय |
| c. | विशेष पोषण कार्यक्रम | III. | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय |
| d. | अनुप्रयुक्त पोषण कार्यक्रम | IV. | शिक्षा मंत्रालय |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-III, b-IV, c-I, d-II (B) a-IV, b-II, c-III, d-I
(C) a-I, b-II, c-III, d-IV (D) a-IV, b-III, c-II, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**125. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** भारत सरकार द्वारा वर्ष 1983 में प्रथम राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति बनाई गई थी।
**कारण-R:** यह "अल्मा आटा घोषणा" से थोड़े वर्ष पूर्व बनाई गई थी।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**126 सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें :**

| सूची-I (प्रकार) | सूची-II (प्रवाह) |
|---|---|
| a. अधोगामी संचार | I. समान स्तर के मध्य संचार |
| b. उर्ध्वगामी संचार | II. विभिन्न स्तरों के बीच क्रॉस-फंक्शनल संचार |
| c. क्षैतिजीय संचार | III. निम्न स्तर से उच्चतर स्तर |
| d. विकर्णी संचार | IV. उच्चतर स्तर से निम्न स्तर |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-III, b-IV, c-I, d-II
(C) a-IV, b-III, c-I, d-II (D) a-II, b-III, c-IV, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**127. सूची I को सूची II से सुमेलित करें:**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| a. ग्रेपवाइन (अंगूरीलता) | I. संकेतबोर्ड, चार्ट इत्यादि से सूचना प्रदर्शन |
| b. कानबान | II. अनौपचारिक संचार |
| c. अशाब्दिक संचार | III. औपचारिक संचार |
| d. अधिसूचना (नोटिस) | IV. शारीरिक भाषा |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-IV, b-III, c-II, d-I (B) a-I, b-II, c-III, d-IV
(C) a-III, b-I, c-II, d-IV (D) a-II, b-I, c-IV, d-III
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**128. निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में समय अपव्यय होना समझा जाता है?**
a. जब उत्पादकता, मानक से कम होती है।
b. जब उत्पादकता, मानक से अधिक होती है।
c. जब संतुष्टि, आशा से कम होती है।
d. जब लाभ, आशा से कम होते हैं।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) a, c और d
(C) c और d (D) a और b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**129. निम्नलिखित में से कौनसी समय प्रबंधन की तकनीकें हैं?**
a. SMART (स्मार्ट) लक्ष्य b. प्राथमिकताकरण
c. करने-योग्य कार्य सूची d. 80/20 सिद्धांत
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a और c (B) a, c और d
(C) b, c और d (D) a, b, c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**130. निम्नलिखित घटनाओं को कालक्रमानुसार में व्यवस्थित करें:**
a. भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का निधन
b. दूरदर्शी उद्योगपति रतन एन. टाटा का निधन
c. केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना (UPS) का अनुमोदन
d. भारत द्वारा प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सौर महोत्सव की मेजबानी

नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:
(A) a, d, b, c (B) c, d, a, b
(C) c, d, b, a (D) b, c, a, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**131. निम्न वाक्यों पर विचार करें**
a. राजस्थान क्षेत्रफल में एवं इसबगोल और जीरे के उत्पादन में प्रथम स्थान पर है।
b. राजस्थान मेथी के उत्पादन में दूसरे स्थान पर है।
c. राजस्थान देश में सबसे बड़ा खनिज उत्पादक राज्य है।
d. राजस्थान देश में कच्चे तेल के सबसे बड़े उत्पादक के रूप में उभरा है।
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) b और c (B) c और d
(C) b और d (D) a और b
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**132. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें (जून 2026 के अनुसार)**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. के. संजय मूर्ति | I. चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ |
| b. राजा सुब्रमनी | II. आरबीआई गवर्नर |
| c. संजय मल्होत्रा | III. भारत के कैग |
| d. वी. रामसुब्रमण्यन | IV. एनएचआरसी के अध्यक्ष |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-III, c-II, d-IV (B) a-IV, b-II, c-I, d-III
(C) a-I, b-III, c-IV, d-II (D) a-III, b-I, c-II, d-IV
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**133. विरोध प्रक्रिया के निम्नलिखित चरणों को सही अनुक्रम में व्यवस्थित करें:**
a. संज्ञान और वैयक्तिकरण b. संभावित विरोध
c. व्यवहार d. परिणाम
e. मंशा/इरादा
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, d, c, e (B) e, d, c, b, a
(C) d, a, b, e, c (D) b, a, e, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**134. निम्नलिखित में से किन कारकों की वजह से समन्वय की आवश्यकता उत्पन्न होती है?**
a. श्रम का विभाजन
b. इकाइयों की अंतरनिर्भरता
c. व्यक्तिगत हित बनाम संघटनात्मक हित
d. इकाइयों की स्वतंत्रता
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) a और b
(C) b और d (D) c और d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**135. नेतृत्व की प्रबंधकीय ग्रिड शैली किसके द्वारा विकसित की गई थी?**
(A) फीडलर (B) हर्से और ब्लांकार्ड
(C) रॉबर्ट जे. हाउस (D) ब्लैक और मोउटन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**136. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| सूची-I (शब्द) | सूची-II (अर्थ) |
|---|---|
| a. क्षरण (फिल्टरिंग) | I. प्रसंस्करण क्षमता से अधिक सूचना |
| b. सूचना अतिभार | II. भाषा संबंधित |
| c. अर्थगत बाधा | III. संचार के बारे में अनुचित दुश्चिंता |
| d. संचार संकोच | IV. सूचना में हेरफेर |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-I, b-II, c-III, d-IV (B) a-IV, b-III, c-II, d-I
(C) a-IV, b-I, c-II, d-III (D) a-III, b-IV, c-I, d-II
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**137. किस सिद्धांत के अनुसार नेतृत्व परिस्थिति से उभरता है? (निम्न में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनें)**
(A) अभिलक्षण सिद्धांत (B) समूह सिद्धांत
(C) प्रासंगिकता सिद्धांत (D) पथ लक्ष्य सिद्धांत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**138. निम्नलिखित में से कौनसा नेतृत्व का समकालीन सिद्धांत नहीं है?**
(A) नेता-सदस्य विनिमय सिद्धांत
(B) करिश्माई नेतृत्व सिद्धांत
(C) रूपांतरणकारी नेतृत्व सिद्धांत
(D) अभिलक्षण सिद्धांत
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**139 संचार प्रक्रिया के निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित करें:**
a. प्रतिपुष्टि b. कूटानुवाद
c. संप्रेषण d. कूटलेखन
e. विचार
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, c, d, e (B) c, b, a, e, d
(C) d, c, b, a, e (D) e, d, c, b, a
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**140. पटेलिया, बिछियों और नोखिला क्या है?**
(A) लोक ड्रामा (B) लोक गीत
(C) लोक नृत्य (D) लोक काव्य
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**141. टाइफाइड, हैज़ा तथा ऐन्थ्रैक्स किस कारण से होता है?**
(A) कवक (B) वायरस
(C) बैक्टीरिया (D) प्रोटोजोआ
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**142. कौनसा रासायनिक परिवर्तन नहीं है?**
(A) बर्फ से पानी (B) दूध से दही
(C) मक्खन से घी (D) कोयले का जलना
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**143. निम्न वाक्यों पर विचार कीजिए -**
a. वस्तुओं की एकसमान गति ग्राफ द्वारा दर्शाई जा सकती है।
b. वस्तुओं की एकसमान गति ग्राफ द्वारा नहीं दर्शाई जा सकती है।
c. वस्तुओं की असमान गति ग्राफ द्वारा नहीं दर्शाई जा सकती है।
d. वस्तुओं की असमान गति ग्राफ द्वारा दर्शाई जा सकती है।
e. प्रति इकाई समय में तय किया गया विस्थापन वस्तु का वेग है।

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b और c (B) b, c और d
(C) c, d और e (D) a, d और e
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[D]**

**144. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन A:** सभी प्रकार की परावर्तक सतहें परावर्तन के नियमों का पालन करती है। अपवर्तक सतहें अपवर्तन के नियमों का पालन करती हैं।
**कारण R:** एक पारदर्शी माध्यम का अपवर्तनांक, निर्वात में प्रकाश की चाल तथा माध्यम में प्रकाश की चाल का अनुपात होता हैं।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**145. सूची-I को सूची-II से सुमेलित करें:**

| **सूची-I (द्रव्य के प्रकार)** | **सूची II (द्रव्य)** |
|---|---|
| a. तत्व | I. कार्बन डाईसल्फाइड में सल्फर |
| b. यौगिक | II. चीनी-नमक का मिश्रण |
| c. समांगी मिश्रण | III. पानी |
| d. विषमांगी मिश्रण | IV. ऑक्सीजन |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a-IV, b-III, c-I, d-II (B) a-II, b-I, c-IV, d-III
(C) a-III, b-IV, c-II, d-I (D) a-IV, b-II, c-III, d-I
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**146. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
अभिकथन-A: दूरदृष्टिदोष बुढ़ापे के कारण आँखों में होने वाला दोष है। सामान्यतः यह आँख की सामंजस्य क्षमता के घटने के कारण होता है।
कारण-R: दूरदृष्टिदोष को बाईफोकल लेन्स के प्रयोग से ठीक किया जा सकता है। इसमें ऊपर के हिस्से में उत्तल लेंस होता है जो दूर दृष्टि में सहायता करता है तथा अवतल लेंस निचले हिस्से में होता है जो निकट दृष्टि में सहायता करता है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**147. आसियान (ASEAN) का पूरा नाम है:**
(A) एसोसिएशन ऑफ ईस्ट एशियन नेशन
(B) एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशन्स
(C) एसोसिएशन ऑफ सदर्न नेशन
(D) एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एंड अरेबियन नेशन
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

**148. निम्नलिखित में से किसे भारत रत्न पुरस्कार 2024 से सम्मानित नहीं किया गया है?**
(A) कर्पूरी ठाकुर (B) लालकृष्ण आडवाणी
(C) लाला हरदयाल (D) चौधरी चरण सिंह
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[C]**

**149. नीचे दो कथन दिए गए हैं: एक अभिकथन A के रूप में लिखित है तो दूसरा उसके कारण R के रूप में।**
**अभिकथन-A:** पाकिस्तान स्थिर लोकतंत्र निर्मित करने में असफल रहा।
**कारण-R:** सेना और मौलवी वर्ग के प्रभुत्व के कारण अक्सर पाकिस्तान में निर्वाचित सरकार को सत्ता से अपदस्थ किया गया है।
**उपरोक्त कथनों के आलोक में, नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए:**
(A) A और R दोनों सही हैं और R, A की सही व्याख्या है।
(B) A और R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(C) A सही है लेकिन R सही नहीं है।
(D) A सही नहीं है लेकिन R सही है।
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[A]**

**150. यू.एन. महासचिवों के क्रम को कालानुक्रम में व्यवस्थित करें:**
a. कोफी ए. अन्नान b. बान की - मून
c. बुट्रोस बुट्रोस-ग़ाली d. एंटोनियो गुटरेस
**नीचे दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त उत्तर चुनें:**
(A) a, b, c, d (B) c, a, b, d
(C) d, c, b, a (D) b, a, c, d
(E) अनुत्तरित प्रश्न **[B]**

♦♦♦♦♦♦♦